केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**CBSE/COORD/PRIVATE – XII / 2025-26/** **04/09/2025**

**सूचना**
**सीनियर सेकेंडरी (कक्षा–XII) परीक्षा 2025-2026**
**के लिए प्राइवेट उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा फॉर्म प्रस्तुत करना**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, बोर्ड की मुख्य परीक्षा 2025-2026 के साथ–साथ फरवरी/मार्च/ अप्रैल – 2026 के महीनों में प्राइवेट छात्रों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए परीक्षाएं आयोजित करेगा :

| क्र. सं. | श्रेणी |
|---|---|
| 1. | सत्र 2024-25 के वे उम्मीदवार जिन्हें 2025 की परीक्षा के परिणाम में **अनिवार्य दोहराव** वाला घोषित किया गया है। |
| 2. | सत्र 2024–25 के वे उम्मीदवार जिन्हें बोर्ड की मुख्य और पूरक परीक्षा 2025 में **कंपार्टमेंट** मिला है। (दूसरा अवसर कंपार्टमेंट) |
| 3. | वे उम्मीदवार जिन्हें 2020, 2021, 2022, 2023, 2024 और 2025 में **अनुतीर्ण/अनिवार्य दोहराव** घोषित किया गया है। |
| 4. | 2025 बैच के वे उत्तीर्ण उम्मीदवार जो एक या अधिक विषयों में अपने **प्रदर्शन में सुधार** के लिए परीक्षा देना चाहते हैं। |

तदनुसार, वर्ष 2025–2026 **में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए उपरोक्त श्रेणियों में रखे गए छात्रों द्वारा** ऑनलाइन फॉर्म प्रस्तुत करने की प्रक्रिया 09.09.2025 से शुरू होगी।

छात्र सीबीएसई वेबसाइट पर उपलब्ध **"व्यक्तिगत परीक्षार्थी"** लिंक के माध्यम से आवेदन करेंगे: https://www.cbse.gov.in/newsite/private/index.html

**कृपया ध्यान दें कि इन श्रेणियों के छात्रों के लिए परीक्षा लिंक पर उपलब्ध पाठ्यक्रम के आधार पर आयोजित की जाएगी**
**https://cbseacademic.nic.in/curriculum_2026.html**

अभिभावक/उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले निम्नलिखित अनुलग्नकों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी जाती है:

क) पात्रता मानदंड – **अनुलग्नक 1**
ख) सामान्य जानकारी – **अनुलग्नक 2**
ग) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और फोटो अपलोड करने के लिए विस्तृत निर्देश **–अनुलग्नक 3**
घ) शुल्क सारिणी – **अनुलग्नक 4**
ङ) विषयों की सूची – **अनुलग्नक 5**

**च)** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों **(CwSN)** के विद्यार्थियों के लिए छूट/रियायतें दिनांक 12/04/2019 के परिपत्र के माध्यम से प्रसारित की गई हैं और ये लिंक पर उपलब्ध हैं।
https://www.cbse.gov.in/cbsenew/ExaminationCircular/2019/5CIRCULAR.pdf

छ) क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकार क्षेत्र और संपर्क नंबर निम्नलिखित लिंक में उपलब्ध हैं: https://www.cbsegov.in/cbsenew/contact-us.html।

**प्राइवेट उम्मीदवारों के फॉर्म प्रस्तुत करने की ऑनलाइन प्रणाली की विशेषताएं:**

क) प्रपत्र और शुल्क दोनों ही यहाँ दी गई सारिणी के अनुसार पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

ख) ऑफलाइन माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(ग) अंतिम तिथि के बाद किसी भी आधार पर कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

घ) बिना शुल्क कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ड़) **सभी गतिविधियों के लिए शुल्क केवल ऑनलाइन भुगतान माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे**, अर्थात् नेट बैंकिंग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड (राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय दोनों)।

च) ऑफलाइन माध्यम से कोई शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा, अर्थात् डीडी/पोस्टल ऑर्डर/मनी ऑर्डर/चेक आदि।

छ) बोर्ड, **आरपीडबल्यूडी अधिनियम-2016** में परिभाषित दिव्यांग छात्रों को कई छूट/रियायतें प्रदान कर रहा है। इन छूटों/रियायतों की जानकारी दिनांक 12/04/2019 के परिपत्र के माध्यम से प्रसारित की गई है। परिपत्र लिंक **https://www.cbse.gov.in/cbsenew/Examination Circular/2019/5 CIRCULAR.pdf** पर उपलब्ध है।

ज) छूट/रियायतें प्राप्त करने के लिए, छात्रों को चिकित्सा प्रमाण पत्र (अशक्तता प्रमाण पत्र) की एक प्रति अपलोड करनी होगी। जिन उम्मीदवारों को बोर्ड परीक्षाओं के दौरान पहले ये सुविधाएं दी गई थीं, उन्हें आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने के बाद वही सुविधाएं दी जाएंगी।

झ) आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय, बोर्ड की परीक्षा 2025 में उपस्थित हुए छात्रों से संबंधित विवरण ऑनलाइन सिस्टम में स्वतः उत्पन्न हो जाएंगे और आवेदकों को दिखाई देंगे।

ट) वर्ष 2024 और उससे पहले के स्नातकों को ऑनलाइन आवेदन/पोर्टल में अपना रोल नंबर, उत्तीर्ण होने का वर्ष आदि विवरण प्रस्तुत करना होगा। यह जानकारी पूरी तरह से सही होनी चाहिए। गलत जानकारी होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

ठ) यदि कोई उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में गलत प्रविष्टियाँ करता है, झूठा बयान देता है, या झूठा दस्तावेज़ प्रस्तुत करता है, तो उसका फॉर्म अस्वीकार कर दिया जाएगा, भुगतान की गई फीस जब्त कर ली जाएगी और ऐसे उम्मीदवारों को अनुचित व्यवहार का दोषी माना जाएगा और उनके खिलाफ तदनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**ड) परीक्षा केंद्र का आवंटन भरे गए शहर के विकल्प के अनुसार किया जाएगा। इसका चयन बहुत सावधानी से किया जाना चाहिए। एक बार आवंटित शहर बदला नहीं जा सकेगा। आवेदन पत्र भरते समय इस संबंध में एक वचन पत्र भरना होगा।**

**ढ) यह देखा गया है कि कुछ उम्मीदवार आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर लेते हैं लेकिन शुल्क प्रस्तुत नहीं करते हैं। यदि अंतिम तिथि तक शुल्क प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उनका आवेदन बिना किसी सूचना के अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

ण) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने फॉर्म स्वयं भरें। साइबर कैफे आदि की गलती का कोई बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा और आवेदन पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

त) मात्र फॉर्म प्रस्तुत करने और शुल्क का भुगतान करने से उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता। उसकी पात्रता बोर्ड द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों की पूर्ति पर निर्भर करेगी।

**थ) परीक्षा के लिए फॉर्म प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन कर दी गई है। तदनुसार, यह सूचित किया जाता है कि फॉर्म की हार्ड कॉपी सीबीएसई को भेजने की आवश्यकता नहीं है।**

**द) परीक्षा फॉर्म प्रस्तुत करने और शुल्क का भुगतान करने के बाद, उम्मीदवार अपने रिकॉर्ड के लिए और प्रस्तुत की गई जानकारी की सत्यता की पुष्टि के लिए अपने फॉर्म की एक प्रति डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवार परीक्षा फॉर्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक अपने आवेदन फॉर्म में विषय और केंद्र सहित किसी भी प्रकार का सुधार कर सकते हैं।**

ध) पात्रता, अंतिम तिथि और विलंब शुल्क के लिए कृपया अनुलग्नकों को देखें। किसी भी प्रश्न के लिए, सभी कार्य दिवसों में सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच सीबीएसई हेल्पलाइन नंबर 1800-11-8002 पर कॉल करें।

हस्ता/-
**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
परीक्षा नियंत्रक

**नीचे दर्शाए गए संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को प्रतिलिपि इस अनुरोध है के साथ भेजी जाती है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी स्कूलों तक यह जानकारी पहुँचाएँ और और उन्हें निर्देश दें कि वे एलओसी डेटा सही-सही और समय पर जमा करें:**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16.
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नोएडा-201309.
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार.
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसायटी, कमरा नंबर 101, D-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001.
5. नेवी एजुकेशन सोसायटी (NES), नौसेना शिक्षा निदेशालय, वेस्ट ब्लॉक V, विंग II, फ्लोर II, आरके पुरम, सेक्टर 1, नई दिल्ली 110066.
6. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक स्कूल, नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005.
7. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054.
8. लोक निर्देश निदेशक (स्कूल), केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर, चंडीगढ़-160017.
9. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101.
10. स्कूली शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111.
11. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101.

12. निदेशक, स्कूली शिक्षा विभाग, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, दूसरी मंज़िल, सिविल सचिवालय, लेह-लद्दाख.
13. निदेशक, स्कूल शिक्षा निदेशालय, पुडुचेरी सरकार, 'ए' ब्लॉक, पहली मंज़िल, पेरुंथलाइवर कामराज शताब्दी शैक्षिक परिसर, 100 फ़ीट रोड, अन्ना नगर, पुडुचेरी - 605 005.
14. निदेशक, संभोटा तिब्बती स्कूल सोसायटी, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश.
15. ग्रुप कैप्टन (शिक्षा - स्कूल), शिक्षा निदेशालय, वेस्ट ब्लॉक-VI, वायु सेना मुख्यालय (आरकेपी), आर.के. पुरम, नई दिल्ली - 110066.
16. सचिव, एडबल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफ़डीआरसी भवन संख्या 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट - 110010.
17. अध्यक्ष के उप-सचिव, अध्यक्ष, सीबीएसई की सूचना हेतु.
18. बोर्ड के सभी विभागाध्यक्ष.
19. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भेजें.
20. वेब एडमिन, इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करें.
21. मीडिया एवं जनसंपर्क, सीबीएसई को उचित प्रसार एवं प्रचार हेतु.

## अनुलग्नक-1

**सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (कक्षा XII के लिए प्राइवेट छात्रों के रूप में आवेदन करने की पात्रता**

| श्रेणी | पात्रता मापदंड | |
|---|---|---|
| सभी विषय (5/6/7 विषय) | (क) | जिन उम्मीदवारों का परिणाम माध्यमिक परीक्षा (कक्षा XII) 2025 में अनिवार्य दोहराव के रूप में घोषित किया गया है।<br><br>या |
| | (ख) | वे उम्मीदवार जिनका परिणाम सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (कक्षा XII) में वर्ष 2020, 2021, 2022, 2023, 2024 और 2025 में अनुत्तीर्ण / अनिवार्य दोहराव के रूप घोषित किया गया है।<br><br>या |
| | (ग) | वे उम्मीदवार जिन्होंने अध्ययन का एक नियमित कोर्स पूरा कर लिया था और जिन्हें सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में बैठने के लिए रोल नंबर भी आवंटित किया गया था, लेकिन जो सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (कक्षा XII) 2025 में चिकित्सा कारणों से उपस्थिति की कमी को छोड़कर कक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| | | XII की परीक्षा में नहीं बैठ पाए। **या** |
| | **(घ)** | वे उम्मीदवार जिन्हें एक विषय में कंपाट्र्मेंट में रखा गया है, वे उन सभी विषयों में परीक्षा देने का विकल्प चुन सकते हैं जिनमें वे बोर्ड की परीक्षाओं 2025 में बैठे थे। ऐसे उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन करते **समय अपनी श्रेणी को अनिवार्य दोहराव के रूप में चुनना चाहिए।** |
| **कम्पार्टमेंट** | | जिन उम्मीदवारों का परिणाम बोर्ड की मुख्य और पूरक परीक्षाओं 2025 में ' कंपार्टमेंट घोषित किया गया है, वे केवल उसी विषय के लिए आवेदन कर सकते हैं जिसमें उन्हें कंपार्टमेंट में रखा गया है। ऐसे छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करते समय अपनी श्रेणी के रूप में **कंपार्टमेंट** का चयन करना चाहिए। |
| **प्रदर्शन में सुधार** | | केवल वे छात्र जिन्होंने 2025 में बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे एक या अधिक विषयों में अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते कि उन्होंने 2025 में आयोजित परीक्षा में उन्हीं विषयों में भाग लिया हो। |
| **टिप्पणी** | | **केवल वे छात्र जो 2025 में उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, अन्य शर्तों की पूर्ति के अधीन प्रदर्शन में सुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं।** |

## अनुलग्नक 2

### सामान्य जानकारी

| | |
|---|---|
| 1. | **एक आवेदन पत्र**<br><br>आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया ऑनलाइन है, इसलिए छात्र केवल एक ही आवेदन पत्र भर सकते हैं। एक बार आवेदन प्रस्तुत करने के बाद छात्र किसी अन्य श्रेणी में दोबारा आवेदन नहीं कर सकेंगे। इसलिए, छात्रों को अपनी श्रेणी और अन्य विवरण ध्यानपूर्वक चुनने चाहिए। |
| 2. | **पाठ्यक्रम**<br><br>विद्यार्थियों की परीक्षा केवल परीक्षा वर्ष के लिए निर्धारित विषयों और पाठ्यक्रम में ही ली जाएगी। उम्मीदवारों को फॉर्म भरने से पहले सीबीएसई की वेबसाइट https://cbseacademic.nic.in/curriculum 2026.html पर उपलब्ध पात्रता और उत्तीर्ण होने के मानदंडों के साथ-साथ वर्तमान पाठ्यक्रम और अध्ययन योजना को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। |
| 3. | **जिन विषयों में प्रयोगशाला कार्य शामिल है**<br><br>दृष्टिबाधित (दृष्टिहीनता) उम्मीदवारों के पास (केवल दिल्ली के लिए) संगीत विषय के किसी भी एक कोड—यानी 031, 032, 033, 034, 035 या 036—को चुनने का विकल्प उपलब्ध है। |
| 4. | **विषयों का चयन**<br><br>आवेदक केवल उन्हीं विषयों के लिए आवेदन कर सकेंगे जो सिस्टम में स्वतः उत्पन्न होते हैं। |
| 5. | **विभिन्न भाषाओं के लिए विषय कोड इंगित करते समय सावधानी बरतें।**<br><br>भाषा के लिए विषय कोड का संकेत देते समय सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि पाठ्यक्रम एक से अधिक प्रकार के होते हैं। भाषा के लिए माध्यम कोड की आवश्यकता नहीं है। |
| 6. | **नया रोल नंबर**<br><br>बोर्ड द्वारा 2026परीक्षाओं में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को नया रोल नंबर आवंटित किया जाएगा।<br><br>किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवारों को पिछले वर्ष के रोल नंबर के साथ परीक्षा में बैठने की |

| | | |
|---|---|---|
| | अनुमति नहीं दी जाएगी। | |
| 7. | **परीक्षा केंद्र**<br><br>एक बार आवंटित परीक्षा केंद्र अंतिम होगा और परीक्षा केंद्र में परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्र का आवंटन बोर्ड द्वारा छात्र द्वारा परीक्षा फॉर्म में भरे गए शहर के विकल्प के आधार पर किया जाएगा। इसलिए, शहर का चयन बहुत सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। | |
| 8. | **सही डाक पता**<br><br>आवेदक को सही डाक पता प्रदान करना आवश्यक होगा | |
| 9. | **शुल्क का भुगतान**<br><br>भुगतान या तो आपके अपने खाते/डेबिट/क्रेडिट कार्ड से या आपके माता-पिता/भाई-बहन के खाते/डेबिट/क्रेडिट कार्ड से किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की धनवापसी की स्थिति में वह राशि केवल आपको ही मिले, किसी और को नहीं। फॉर्म भरने और शुल्क प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एक ही है। | |
| 10. | **फोटो और हस्ताक्षर की जेपीजी फाइलों का आकार**<br><br>अनुलग्नक **3** में दी गई प्रक्रिया के अनुसार आवेदक को अपनी फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन की गई जेपीजी फाइलें अपलोड करनी होंगी, जिनका आकार 40 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए। | |
| 11. | **अंक अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र जारी करना** | |
| | (क) | पिछले वर्ष की परीक्षा की मूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र को सीबीएसई को सौंपना नहीं है। |
| | (ख) | 2026 की परीक्षा के लिए अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र, 2026 की परीक्षा में उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को परिणाम घोषित होने के बाद जारी किए जाएंगे। |
| | (ग) | प्रदर्शन में सुधार के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को एक अलग नया अंक तालिका सह प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा जिसमें केवल उक्त परीक्षा में प्राप्त अंक ही दर्शाए जाएंगे। |
| | (घ) | समेकित अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किया जाएगा जो द्वितीय अवसर कंपार्टमेंट परीक्षा में उपस्थित होंगे और 2026 में उक्त कंपार्टमेंट परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे। समेकित अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र में मुख्य/पूरक 2025 में |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | आयोजित पिछली परीक्षा में उत्तीर्ण विषयों में प्राप्त अंक और साथ ही द्वितीय अवसर कंपार्टमेंट परीक्षा में उपस्थित विषय में प्राप्त अंक शामिल होंगे। | |
| | | बोर्ड प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों को अलग-अलग दर्शाते हुए अंक तालिका सह प्रमाण पत्र जारी करता है। **बोर्ड द्वारा कोई कुल अंक/प्रतिशत नहीं बताया जाता है।** जो उम्मीदवार 6 विषय लेते हैं और सभी 6 विषयों में उत्तीर्ण होते हैं, उनका प्रतिशत उस महाविद्यालय/संस्थान के मानदंडों के अनुसार परिकलित किया जाएगा जिसमें वे प्रवेश लेना चाहते हैं। | |
| 12. | **प्रवेश पत्र और शैक्षणिक दस्तावेज**<br><br>प्रवेश पत्र और शैक्षणिक दस्तावेज निम्नलिखित तरीके से प्राप्त किए जाएंगे : | | |
| | **उन उम्मीदवारों के लिए जो दिल्ली के बाहर के केंद्रों से परीक्षा में शामिल होंगे।** | | |
| | क) | प्रवेश पत्र | पात्र उम्मीदवार सीबीएसई की वेबसाइट www.cbse.nic.in से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। |
| | ख) | मूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र | मूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए आवासीय पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जाएगा। |
| | **उन उम्मीदवारों के लिए जो दिल्ली स्थित परीक्षा केंद्रों से परीक्षा में शामिल होंगे।** | | |
| | (ग) | प्रवेश पत्र | पात्र उम्मीदवार सीबीएसई की वेबसाइट www.cbse.nic.in से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। |
| | (घ) | मूल अंक तालि एवं प्रमाण पत्र | मूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली द्वारा उस परीक्षा केंद्र को भेजा जाएगा जहां उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए थे। उम्मीदवार मूल प्रवेश पत्र दिखाकर परीक्षा केंद्र से अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र परिणाम घोषित होने के महीने से एक वर्ष तक मूल दस्तावेज को अपने पास रखेगा और उसके बाद बचे हुए दस्तावेज क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली पूर्व या दिल्ली पश्चिम जैसा भी मामला हो को लौटा दिए जाएंगे। |

**अनुलग्नक 3**

**प्राइवेट छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए श्रेणीवार निर्देश**

| श्रेणी (श्रेणियां) के अंतर्गत परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए- | | |
|---|---|---|
| | अनुतीर्ण/अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/प्रदर्शन में सुधार | |
| | (i) | वर्ष 2025 में आयोजित बोर्ड की परीक्षा में उपस्थित हुए उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन सिस्टम में उम्मीदवार का नाम, पिता/अभिभावक का नाम, माता का नाम आदि का विवरण स्वतः ही उत्पन्न हो जाएगा। वर्ष 2024 (या उससे पहले) की परीक्षा में उपस्थित हुए छात्रों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में ये विवरण भरने होंगे। |
| | (ii) | बोर्ड परीक्षा की अंक तालिका में दिए गए रोल नंबर, स्कूल नंबर और सेंटर नंबर का सही संयोजन भरें, जहाँ भी यह उपलब्ध हो। |
| | (iii) | गलत जानकारी भरने की स्थिति में, आवेदन पर कार्रवाई नहीं की जाएगी और त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा। |
| | (iv) | छात्र द्वारा प्राप्त प्रैक्टिकल/आंतरिक मूल्यांकन/परियोजना आदि के अंक आगे ले जाए जाएंगे या आनुपातिक अंक दिए जाएंगे या उपनियमों के लागू प्रावधानों के अनुसार व्यावहारिक परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। |

**फोटोग्राफ को स्कैन और अपलोड करने के चरण**

| फोटो का प्रकार | | | |
|---|---|---|---|
| | (i) | फोटो पूरी तरह से रंगीन और उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए ताकि कोई भी दिखाई देने वाले पिक्सल से बचा जा सके। |  |
| | (ii) | फोटो पिछले 6 महीनों में ली गई होनी चाहिए। | |
| | (iii) | सिर कैमरे के ठीक सामने, केंद्र में स्थित होना चाहिए और छवि का 80% भाग कवर करना चाहिए। फोटो में बालों के ऊपरी भाग से थोड़ा ऊपर से लेकर छाती के मध्य तक का दृश्य कैद होना चाहिए। | कुलवंत सिंह |
| | (iv) | चेहरे पर स्वाभाविक भाव रखें- मुस्कुराना अनुमत है। | **01/04/2025** |
| | (v) | विषय (उम्मीदवार) स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है और पृष्ठभूमि से अलग पहचाना जा सकता है। ठोस रंग की पृष्ठभूमि सबसे अच्छी | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | होती है। | |
| | (vi) | आंखें खुली होनी चाहिए और कैमरे की ओर देखनी चाहिए। चश्मे रंगीन नहीं होने चाहिए, सिवाय उन मामलों में जहां चिकित्सा कारणों से इन्हें रोजाना पहना जाता हो। | |
| | (vii) | व्यक्ति का पूरा चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए | |
| फ़ोटो अपलोड करने की विधि | | | |
| | (i) | उम्मीदवार की फोटो को स्कैन करें और उसे जेपीजी फाइल के रूप में सेव करें। | |
| | (ii) | कृपया सुनिश्चित करें कि फोटो का आकार पासपोर्ट आकार का हो और उसकी सीमा 40 केबी हो | |
| | (iii) | सीबीएसई की वेबसाइट पर जाएं और "व्यक्तिगत परीक्षार्थी" लिंक के माध्यम से लॉग इन करें। | |
| | (iv) | फोटो अपलोड विकल्प पर जाएं और फोटो अपलोड करें। | |

**अनुलग्नक–4**

**शुल्क भरने की समय सारिणी**

| शुल्क स्लैब | परीक्षा शुल्क INR में प्रस्तुत किया जाना है। | | | परीक्षा शुल्क और फॉर्म जमा करने की समय सारिणी |
|---|---|---|---|---|
| | भारत | नेपाल | अन्य देश | |
| | कक्षा X & XII | कक्षा X & XII | कक्षा X & XII | |
| सामान्य शुल्क | अतिरिक्त विषयों के लिए 320/- रुपये प्रति विषय प्रति उम्मीदवार | अतिरिक्त विषयों के लिए 1100/- रुपये प्रति विषय प्रति उम्मीदवार | अतिरिक्त विषयों के लिए 2200/- रुपये प्रति विषय प्रति उम्मीदवार | **09.09.2025 (मंगलवार) से 30.09.2025 (मंगलवार) अप्राहन 11.59 बजे तक** |
| विलंब शुल्क के साथ | ऊपर निर्धारित सामान्य शुल्क के अतिरिक्त प्रति उम्मीदवार 2000/– रुपये का विलंब शुल्क लगेगा। | | | **3. 10. 2025 (शुक्रवार) से 11.10.2025 (शनिवार)** |

| | | |
|---|---|---|
| | | अप्राह्न 11.59. बजे तक |
| प्रैक्टिकल ल्क | केवल कक्षा XII के लिए।<br>(i) . भारत में विद्यालयों के लिए प्रति 160/- रुपये उम्मीदवार प्रति प्रैक्टिकल विषय ।<br>(ii). नेपाल के विद्यालयों के लिए 175/- रुपये प्रति प्रैक्टिकल विषय प्रति उम्मीदवार ।<br>(iii). अन्य देशों के विद्यालयों के लिए 375/- रुपये प्रति उम्मीदवार प्रति प्रैक्टिकल विषय। | |
| प्रवासन प्रमाणपत्र | सीबीएसई द्वारा प्रवासन प्रमाणपत्र की हार्ड कॉपी जारी करना अनिवार्य नहीं होगा। आवश्यकतानुसार, छात्र परिणाम घोषित होने के बाद इसे प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तथापि, कक्षा XII के छात्रों के लिए प्रवासन प्रमाणपत्र की सॉफ्ट कॉपी परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद उपलब्ध करा दी जाएगी। | |

## प्राइवेट उम्मीदवारों के लिए शुल्क

**महत्वपूर्ण नोट:** शुल्क केवल सीबीएसई द्वारा निर्धारित ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। ऑफलाइन माध्यम से, बैंक खाते में सीधे प्रस्तुत आदि कोई शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्कूल/उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किया गया ऑफलाइन शुल्क स्कूल खातों में अपडेट नहीं किया जाएगा और एलओसी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| शुल्क भुगतान विधि |
|---|
| सीबीएसई द्वारा सभी गतिविधियों के लिए शुल्क केवल निम्नलिखित डिजिटल माध्यमों से ही स्वीकार किए जाते हैं:<br>भारत: इंटरनेट बैंकिंग/यूपीआई/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड<br>नेपाल सहित अन्य देशों में इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है। |

## अनुलग्नक -5

### थ्योरी और आंतरिक आकलन वाले विषयों के अंकों का वितरण (कक्षा–XII) /2025-26

| क्र. सं. | सब कोड | विषय नाम | अनुमति है/ अनुमति नहीं है | अंक | | कुल | उतीर्ण अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | थ्योरी | प्रैक्टि/प्रोजे/आइए | | |
| 1. | 001 | #1 अंग्रेजी वैकल्पिक | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 2. | 002 | #/2 हिंदी वैकल्पिक | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव /कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 3. | 003 | #/3 उर्दू वैकल्पिक | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 4. | 022 | #/4 संस्कृत वैकल्पिक | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 5. | 027 | इतिहास | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 6. | 028 | राजनीति विज्ञान | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 7. | 029 | भूगोल | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 8. | 030 | अर्थशास्त्र | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 9. | 031 | #/6 कर्नाटक संगीत (गायन) | दृष्टिबाधित (दृष्टिहीन)/ /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 10. | 032 | #/6 कर्नाटक संगीत (मधुर वाद्य संगीत) | दृष्टिबाधित (दृष्टिहीन) /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 11. | 033 | #/6 कर्नाटक ताल वाद्य यंत्र | दृष्टिबाधित (दृष्टिहीन) /अनिवार्य दोहराव/ | 30 | 70 | 100 | 33 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कम्पार्टमेंट/सुधार | | | | |
| 12. | 034 | #/6 हिंदुस्तानी संगीत (गायन) | दृष्टिबाधित (दृष्टिहीन) /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 13. | 035 | #/6 हिंदुस्तानी संगीत (वाद्य यंत्र) | दृष्टिबाधित (दृष्टिहीन) /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 14. | 036 | #/6 हिंदुस्तानी ताल वाद्य यंत्र | दृष्टिबाधित (दृष्टिहीन) /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 15. | 037 | मनोविज्ञान | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/ सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 16. | 039 | समाजशास्त्र | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 17. | 041 | #/7 गणित | प्राइवेट/अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 18. | 042 | भौतिक विज्ञान | अनिवार्य दोहराव /कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 19. | 043 | रसायन विज्ञान | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 20. | 044 | जीव विज्ञान | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 21. | 045 | जैव प्रौद्योगिकी | /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 22. | 046 | इंजीनियरिंग ग्राफिक्स | अनिवार्य दोहराव /कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 23. | 048 | शारीरिक शिक्षा | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 24. | 049 | #/8 पेंटिंग | अनिवार्य दोहराव / कम्पार्टमेंट/ सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 25. | 050 | #/8 ग्राफ़िक्स | अनिवार्य दोहराव /कम्पार्टमेंट/ सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 26. | 051 | #/8 मूर्तिकला | अनिवार्य दोहराव /कम्पार्टमेंट/ सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 27. | 052 | #/8ऐप/वाणिज्यिक कला | अनिवार्य दोहराव /कम्पार्टमेंट/ सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28. | 054 | व्यापार अध्ययन | प्राइवेट/ अनिवार्य दोहराव कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 29. | 055 | लेखाशास्त्र | प्राइवेट/ अनिवार्य दोहराव /कम्पार्टमेंट/ सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 30. | 056 | #/10 कथक नृत्य | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/ सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 31. | 057 | #/10 भरतनाट्यम नृत्य | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/ सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 32. | 058 | #/10 कुचिपुड़ी नृत्य | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 33. | 059 | #/10 ओडिसी नृत्य | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/ सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 34. | 060 | #/10 मणिपुरी नृत्य | अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 35. | 061 | #/10 कथकली नृत्य | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/ सुधार | 30 | 70 | 100 | 33 |
| 36. | 064 | गृह विज्ञान | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 37. | 065 | #/11 इन्फॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 38. | 066 | उद्यमिता | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 39. | 073 | ज्ञान परंपराएं और भारत की प्रथाएं | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 40. | 074 | विधि अध्ययन | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 41. | 076 | राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 42. | 083 | #/11 कंप्यूटर विज्ञान | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 43. | 104 | पंजाबी | प्राइवेट /अनिवार्य | 80 | 20 | 100 | 33 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | | | | |
| 44. | 105 | बंगाली | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 45. | 106 | तमिल | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 46. | 107 | #/5 तेलुगु | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 47. | 108 | सिंधी | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 48. | 109 | मराठी | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 49. | 110 | गुजराती | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 50. | 111 | मणिपुरी | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 51. | 112 | मलयालम | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 52. | 113 | ओड़िया | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 53. | 114 | असमिया | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 54. | 115 | कन्नड़ | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 55. | 116 | अरबी | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 56. | 117 | तिब्बती | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ | 80 | 20 | 100 | 33 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कम्पार्टमेंट/सुधार | | | | |
| 57. | 118 | फ्रेंच | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 58. | 120 | जर्मन | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 59. | 121 | रूसी | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 60. | 123 | फ़ारसी | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 61. | 124 | नेपाली | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 62. | 125 | लिम्बो | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 63. | 126 | लेप्चा | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 64. | 189 | #/5 तेलुगु - तेलंगाना | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 65. | 192 | बोडो | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 66. | 193 | तांगखुल | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 67. | 194 | जापानी | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 68. | 195 | भूटिया | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 69. | 196 | स्पैनिश | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 70. | 197 | कश्मीरी | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 71. | 198 | मिज़ो | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 72. | 088 | भोटि | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 73. | 091 | कोकबोरोक | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 74. | 241 | अनुप्रयुक्त गणित | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 75. | 301 | #/1 अंग्रेजी कोर | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 76. | 302 | #/2 हिंदी कोर | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 77. | 303 | #/3 उर्दू कोर | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ /सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 78. | 322 | #/4 संस्कृत | प्राइवेट /अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/सुधार | 80 | 20 | 100 | 33 |
| 79. | 801 | रिटेल | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 80. | 802 | #/11 सूचना प्रौद्योगिकी | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 81. | 803 | वेब एप्लीकेशन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 82. | 804 | ऑटोमोटिव | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट/ सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 83. | 805 | वित्त बाजार प्रबंध | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 84. | 806 | पर्यटन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 85. | 807 | सौंदर्य और स्वास्थ्य | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 86. | 808 | कृषि | अनिवार्य दोहराव/ | 70 | 30 | 100 | 33 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कम्पार्टमेंट /सुधार | | | | |
| 87. | 809 | खाद्य उत्पादन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 88. | 810 | फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 89. | 811 | बैंकिंग | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 90. | 812 | मार्केटिंग | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 91. | 813 | स्वास्थ्य देखभाल | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 92. | 814 | बीमा | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 93. | 816 | बागवानी | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 94. | 817 | टाइपोग्राफी और कंप्यूटर अनुप्रयोग | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 95. | 818 | भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 96. | 819 | विद्युत प्रौद्योगिकी | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 97. | 820 | इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 98. | 821 | मल्टी मीडिया | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 50 | 50 | 100 | 33 |
| 99. | 822 | कराधान | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 100. | 823 | लागत लेखांकन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 101. | 824 | कार्यालय प्रक्रियाएं और कार्यप्रणालियां | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 102. | 825 | आशुलिपि (अंग्रेजी) | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 103. | 826 | आशुलिपि (हिंदी) | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 104. | 827 | एयर कंडीशनिंग एंड कूलिंग | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 105. | 828 | चिकित्सा निदान | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 106. | 829 | टेक्सटाइल डिजाइन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 107. | 829 | डिजाइन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 50 | 50 | 100 | 33 |
| 108. | 831 | सेल्समनशिप | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 109. | 833 | #/9 व्यावसायिक प्रशासन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 110. | 834 | खाद्य पोषण एवं आहारिकी | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 111. | 835 | मास मीडिया | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 112. | 836 | पुस्तकालय और सूचना विज्ञान | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 113. | 837 | फैशन अध्ययन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 70 | 30 | 100 | 33 |
| 114. | 841 | योग | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 50 | 50 | 100 | 33 |
| 115. | 842 | प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 50 | 50 | 100 | 33 |
| 116. | 843 | कृत्रिम बुद्धिमत्ता | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 50 | 50 | 100 | 33 |
| 117. | 844 | डेटा साइन्स | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 50 | 50 | 100 | 33 |
| 118. | 845 | शारीरिक गतिविधि प्रशिक्षक | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 50 | 50 | 100 | 33 |
| 119. | 846 | लैंड ट्रांसपोर्ट एसोशिएट | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 50 | 50 | 100 | 33 |
| 120. | 847 | इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 60 | 40 | 100 | 33 |
| 121. | 848 | डिज़ाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन | अनिवार्य दोहराव/ कम्पार्टमेंट /सुधार | 50 | 50 | 100 | 33 |

टिप्पणी :

#/1 अंग्रेजी के लिए दिए गए 02 विषय कोडों में से कोई एक।
#/2 उर्दू हिंदी के लिए दिए गए 02 विषय कोडों में से कोई एक।
# /3 उर्दू के 02 विषय कोड में से कोई एक
# /4 संस्कृत के 02 विषय कोड में से कोई एक
# /5 तेलुगु के 02 विषय कोड में से कोई एक
# /6 संगीत के 06 विषय कोड में से कोई एक
# /7 गणित के 02 विषय कोड में से कोई एक
# /8 ललित कला के 04 विषय कोड में से कोई एक
# /9 व्यापार अध्ययन (054) और व्यापार प्रशासन (833) के 02 विषय कोड में से कोई एक
# /10 नृत्य के 06 विषय कोड में से कोई एक
# /11 इन्फॉर्मेशन प्रैक्टिसेज़ (065), कंप्यूटर साइंस (083) और सूचना प्रौद्योगिकी (802) के 03 विषय कोड में से कोई एक